8वां लीडरशिप समिट 24-25 को

सिटी रिपोर्टर | भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर 8वें लीडरशिप समिट की मेजबानी करेगा। 24 और 25 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय लीडरशिप समिट में देश के प्रमुख कॉरपोरेट लीडर और एक्सपर्ट शामिल होंगे। यहां पैनल डिस्कशन भी होगा, जिसमें 32 वक्ता शामिल होंगे। आईआईएम रायपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने बताया कि विभिन्न उद्योगों से आने वाले एक्सपर्ट अनुभव साझा करेंगे। इससे स्टूडेंट्स को कॉरपोरेट सेक्टर में आने वाली समस्या और उसकी जटिलता के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। समिट में प्रमुख रूप से फाइजर इंडिया के सौरेन पॉल, कमिंस इंडिया के मुख्य रणनीति अधिकारी सुब्रमणियन चिदंबरम, मेरीनो के हेड ऑफ टैलेंट मैनेज़मेंट अभिषेक महंती, एस एंड एम के नेशनल हेड सुमित सांगवान, ओएनडीसी के उपाध्यक्ष अंजनी के जाजोदिया, एको की वरिष्ठ निदेशक रीना इवांस सहित अन्य शामिल होंगे।

Dainik Bhaskar, 23 August, 2024, P. 02